MATTERS UNDER RULE 377

MR. SPEAKER: Now, the House will take up the matters under Rule 377.

Title: Need to run Gorakhpur-Awadh Express via Narkatiaganj-Motihari-Muzaffarpur in Bihar.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के मुजफ्फरपुर जंक्शन से दिल्ली एवं अन्य स्थानों के लिये 21 पेयर गाड़ियां गोरखपुर जं.वाया हाजीपुर-छपरा-सिवान होकर गुजरती हैं। मुजफ्फरपुर जं. से गोरखपुर मोतिहारी, बेतीया, नरकटिया गंज, बगहा को बड़ी लाइन में परिवर्तित हुए कई वर्ष हो गये हैं, किन्तु आज तक कोई एक पेयर गाड़ी इस मार्ग पर नहीं चलाई गई है। गोरखपुर अवध एक्सप्रैस जो 23 घंटे गोरखपुर रुकी रहती है, उसे भी नरकटियागंज, बेतीया होतिहारी होकर मुजफ्फरपुर चलाया जाये।

मेरा केन्द्रीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें जिससे कि यहां के यात्रियों को भी सुविधा मिल सके। मैं आशा करता हूं कि सरकार इस ओर तुरन्त ध्यान देगी।